राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : लेखाशास्त्र
पाठ 19 : अलाभकारी संगठन - एक परिचय
कार्यपत्रक - 19

1. "कुछ संगठन का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं बल्कि सेवा प्रदान करना है"। इस कथन के संबंध में अलाभकारी संगठन की अवधारणा की व्याख्या करिये।साथ ही इसकी विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

2. आप अपने मित्र को प्राप्ति और भुगतान खाते और रोकड़ बही के बीच में अंतर कैसे समझाओगे?

3. वर्ष 2019 के लिए चन्दा प्राप्त हुआ रु 3,500 एवं 2020 के लिए रु 500। वर्ष 2019 के लिए प्राप्ति और भुगतान खाते में चन्दा प्राप्ति की कितनी राशि लिखी जाएगी?

4. प्राप्ति और भुगतान खाता तैयार करने का उद्देश्य बताईये?

5. चन्दा से आप क्या समझते हैं?

6. अलाभकारी संगठन के वित्तीय विवरणों में पुराने समाचार पत्रों/पत्रिकाओं और खेल सामग्री की बिक्री का लेखा-जोखा क्या होगा।

7. एक उदाहरण की सहायता से अपने मित्र को दान की अवधारणा और उसके प्रकार समझाइए।

8. श्री दीपक एक व्यवसायी हैं और उनकी फर्म बड़ी संख्या में लेनदेन व्यवसायों से संबंधित है। वह प्राप्ति और भुगतान खाता तैयार करना चाहता है। उसे प्राप्ति और भुगतान खाता तैयार करने के लिए अपनाए जाने वाले चरणों का सुझाव दीजिये ।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : लेखाशास्त्र

पाठ 19 : अलाभकारी संगठन - एक परिचय

कार्यपत्रक - 19

9. नीचे दी गई जानकारी से 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए 'एजुकेशन फाउंडेशन' एक अलाभकारी संगठन (एनजीओ) का प्राप्ति और भुगतान खाता तैयार कीजिए।

विवरण	रु.
हस्तगत रोकड़ 1 जनवरी, 2020	6,500
प्रवेश शुल्क	2,400
दान	25,000
चन्दा	30,000
बिजली व्यय	1,700
वेतन	6,800
सचिव को मानदेय पारिश्रमिक	6,500
लघु रोकड़ भुगतान	1,300
सरकार से अनुदान	55,000
स्टेशनरी	1,500

10. प्राप्ति एवं भुगतान खाते में उपभोज्य वस्तुओ के उपचार की विवेचना कीजिए।